## विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0-26 का उत्तर

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 26 क- | क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि ब्लाक-चायल, जनपद-कौशाम्बी में बी0डी0ओ0 कार्यालय से वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के अन्तर्गत विकास कार्यों हेतु कितनी धनराशि को अवमुक्त किया गया है और उक्त विकास कार्यों को किन-किन अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया गया है? | विकास खण्ड-चायल, जनपद-कौशाम्बी में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से वित्तीय वर्ष 2021-22 में केन्द्रीय वित्त आयोग मद से रूपये 4456366.00 (चौंवालिस लाख छप्पन हजार तीन सौ छियासठ) एवं राज्य वित्त आयोग मद से रूपये 2376869.00 (तेईस लाख छियत्तर हजार आठ सौ उनहत्तर) की धनराशि विकास कार्यों हेतु अवमुक्त की गयी। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में केन्द्रीय वित्त आयोग मद से रूपये 4914020.00 (उनचास लाख चौदह हजार बीस) एवं राज्य वित्त आयोग मद से रूपये 1397605.00 (तेरह लाख सत्तानबे हजार छः सौ पांच) की धनराशि अवमुक्त की गयी।<br>उक्त धनराशि के माध्यम से कराये गये विकास कार्यों का सत्यापन नियमानुसार कार्यालय के सम्बन्धित कार्य प्रभारी (सहायक विकास अधिकारी), अवर अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण विभाग) एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया गया है। |
| ख- | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| ग- | यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री।